दीवार से घिरा होगा डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर

प्रदेश में पहली बार झांसी नोड में अधिग्रहीत जमीन पर 40 करोड़ से बनेगी बाउंड्रीवाल

अमर उजाला ब्यूरो

लखनऊ। जनरल विपिन रावत डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर झांसी नोड के अंतर्गत अधिग्रहीत जमीन को 40 करोड़ रुपये खर्च कर दीवारों से घेरा जाएगा। प्रदेश में झांसी डिफेंस कॉरिडोर पहला ऐसा क्षेत्र होगा, जिस पर बाउड्रीवाल बनाई जाएगी। इसके निर्माण की अनुमति दे दी गई है।

डिफेंस कॉरिडोर की बाउंड्रीवाल पर करीब 39.33 करोड़ रुपये के खर्च का अनुमान है। इसके लिए वित्त वर्ष 23-24 में 13.76 करोड़ रुपये जारी कर दिए गए हैं। दीवार के निर्माण की डिजायन आईआईटी फाइनल करेगा। तकनीकी स्वीकृति मिलते ही काम शुरु हो जाएगा। काम की गुणवत्ता और निर्माण के लिए यूपीडा की जवाबदेही तय की गई है। इस दीवार से करीब 40 लाख रुपये श्रम उपकर प्राप्त होगा और अतिरिक्त 18 फीसदी जीएसटी देनी होगी।

लखनऊ-कानपुर में दूसरे चरण का अधिग्रहण शुरू

प्रदेश में कानपुर, लखनऊ, अलीगढ़, झांसी, आगरा और चित्रकूट में डिफेंस कॉरिडोर की स्थापना की गई है। कानपुर और लखनऊ में पहले चरण में अधिग्रहीत जमीन निवेशकों को आवंटित की जा चुकी है। दूसरे चरण के लिए अधिग्रहण शुरू हो गया है। झांसी में दो बड़े समूह आ रहे हैं।